# प्रेस विज्ञप्ति

## बिहार सरकार

## सामान्य प्रशासन विभाग

### राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति हेतु सूचना

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023 (यथासंशोधित) के आलोक में वर्ष 2026 के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किये जाने हेतु खेल नियुक्ति पोर्टल को Live कर दिया गया है। आवेदन किये जाने हेतु Link (http://gad-ospr.bihar.gov.in) बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के वेबसाईट पर **दिनांक–05.06.2026 से 20.06.2026 तक Open रहेगा,** जिसके माध्यम से उत्कृष्ट खिलाड़ी द्वारा अपना आवेदन राज्य सरकार को समर्पित कर सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से उपलब्ध कराये गये आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

2. इस विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने हेतु वैसे उत्कृष्ट खिलाड़ी पात्र हैं, जो **बिहार राज्य के मूल निवासी** हैं। नियुक्ति हेतु **न्यूनतम उम्र सीमा दिनांक–01.07.2026 को 18 वर्ष** होनी चाहिए। अधिकतम उम्र की सीमा नहीं होगी।

3. बिहार के निवासी किसी अन्य राज्य में या भारत सरकार या भारत सरकार के किसी संगठन एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत खिलाड़ी खेल के निर्धारित अर्हता को प्राप्त करते हैं तो वे भी आवेदन देने के पात्र होंगे तथा इस तरह की नियुक्ति किये जाने की स्थिति में पूर्व सेवा की गणना की जायेगी एवं कर्मी की सेवा में टूट नहीं माना जायेगा। पूर्व का वेतन स्तर कायम रहेगा।

4. निम्नांकित खेल उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाड़ी इस नियमावली के अधीन नियुक्ति के पात्र होंगे :–

| **सीधी भर्ती के लिए :–** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र० सं०** | **पे–बैंड/स्केल का नाम** | **वेतन स्तर** | **सीधी भर्ती के लिये निर्धारित न्यूनतम खेल अर्हता** |
| (i) | पीबी–II(9300–34800) ग्रेड पे–5400 | 9 | ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण/रजत/कांस्य पदक विजेता या एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता। |
| (ii) | पीबी–II(9300–34800) ग्रेड पे–4600 | 7 | ओलम्पिक खेलों में सहभागिता या एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत/कांस्य पदक विजेता। |
| (iii) | पीबी–II(9300–34800) | 6 | 1. एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स में सहभागिता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ग्रेड पे–4200 | | या नेशनल गेम्स/सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में स्वर्ण/रजत पदक विजेता।<br>2. केवल वैसे गेम्स जो ओलम्पिक गेम्स/एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल है। |
| (iv)<br>(क) | पीबी–I (5200–20200) ग्रेड पे–1800 / 1900/2000 | 1/2/3 | 1. नेशनल गेम्स/सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में कांस्य पदक विजेता।<br>(क) नियुक्ति हेतु आवेदन 18 वर्ष की उम्र होने के उपरान्त ही की जा सकेगी।<br>(ख) व्यक्तिगत स्पर्धा में न्यूनतम 16 प्रतिभागी एवं दलीय स्पर्धा में संबंधित खेल से कम से कम 8 दल भाग लिये हों।<br>2. केवल वैसे गेम्स जो ओलम्पिक गेम्स/एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल है। |
| **(iv) (ख) ट्रायल/परीक्षण के आधार पर मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती :–** | | | |
| | पीबी–I(5200–20200) ग्रेड पे–1800/1900/2000 | 1/2/3 | 1. **अर्हताएँ–**<br>(क) नेशनल गेम्स में व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रथम आठ या क्वार्टर फाईनलिस्ट एवं दलीय स्पर्धा में सेमीफाईनलिस्ट, सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रथम छः या क्वार्टर फाईनलिस्ट एवं दलीय स्पर्धा में सेमीफाईनलिस्ट।<br>(ख) व्यक्तिगत स्पर्धा में न्यूनतम 16 प्रतिभागी एवं दलीय स्पर्धा में संबंधित खेल से कम से कम 8 दल भाग लिये हों।<br>(ग) केवल वैसे गेम्स जो ओलम्पिक गेम्स/एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल हैं।<br>2. बिहार में खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को रोजगार के समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मेधावी खिलाड़ियों की नियुक्ति ट्रायल/परीक्षण के आधार पर की जाएगी। उससे संबंधित प्रावधान निम्नवत् होगीः<br>(क) अर्हताः खेल विधा बिहार राज्य की प्राथमिकता खेलों की सूची में शामिल होनी चाहिए।<br>(ख) चयन की यह प्रक्रिया केवल उन खेल विधाओं पर लागू होगी, जिनमें पिछले तीन वर्षों के दौरान अन्य किसी माध्यम से इस योजना के अंतर्गत कोई लाभार्थी नहीं रहा हो। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | (ग) इस प्रक्रिया के अंतर्गत अंतिम नियुक्ति परीक्षण प्रदर्शन, शारीरिक दक्षता एवं संबंधित सेवा नियमों पर निर्भर करेगी।<br>(घ) एथलीटों के लिए पात्रता: केवल वही एथलीट आवेदन के लिए पात्र होंगे, जिन्होंने संबंधित खेल विधा में युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल संघों द्वारा आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया हो तथा मान्यता प्राप्त संघ उस खेल विधा के अंतर्राष्ट्रीय संघ से संबद्ध हों। |

**नोट–** (i) पारा खेल विधा के लिए उपरोक्त अर्हता प्रभावी होगी।

(ii) किसी भी आमंत्रण/मेमोरियल/गैरआधिकारिक चैम्पियनशीप/प्रतिस्पर्धा को मान्यता नहीं दी जायेगी।

5. **खेल अर्हता की गणना की अवधि** :–

(i) उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति हेतु, खेल उपलब्धियाँ तत्काल पिछले 2 वर्षों के अंदर की होनी चाहिये अर्थात् नियुक्ति के वित्तीय वर्ष एवं उससे पहले के दो वित्तीय वर्ष के बीच का होना चाहिये।

(ii) पदक धारक, पदक जीतने की तिथि से अधिकतम तीन वर्ष के भीतर आवेदन कर सकते हैं।

6. **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता** :–

समूह–ख के पदों पर नियुक्ति हेतु स्नातक अथवा समकक्ष, समूह–ग के लिपिकीय संवर्ग के निम्नवर्गीय लिपिकीय एवं सिपाही पदों पर नियुक्ति हेतु इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष एवं कार्यालय परिचारी के पदों पर नियुक्ति हेतु मैट्रिक अथवा इसके समकक्ष स्तर की शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य है।

7. **चयन प्रक्रिया** :–

चयन प्रक्रिया बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023 (यथासंशोधित) में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी।

8. **आरक्षण** :–

चयनित खिलाड़ी आरक्षण की दृष्टि से जिस कोटि से संबंधित होंगे, उनकी गिनती उसी आरक्षण कोटि में की जायेगी, अर्थात् आरक्षित कोटि के चयनित खिलाड़ियों की गणना

संगत आरक्षित कोटि के विरुद्ध तथा गैर आरक्षित वर्ग के खिलाड़ियों की गणना गैर आरक्षित वर्ग में की जायेगी।

**नोटः—** विस्तृत जानकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

(सिद्धेश्वर चौधरी)
सरकार के अवर सचिव।